तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 12 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 लीनेस चेयरपर्सन ने किया जरूरतमंदों को छाता वितरण



## खबर संक्षेप

### आरक्षक पद्मराज के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश

**जांजगीर-चांपा।** वरिष्ठ कार्यालय से जारी कार्यालयीन पत्रों को थाना प्रभारी को न बताते हुए अपने पास दबाकर रखने वाले थाना मददगार आरक्षक के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा ने विभागीय जांच की कार्यवाही की गई है। आरक्षक पद्मराज जो थाना चांपा में पदस्थापना के दौरान थाना मददगार आरक्षक का कार्य करता था। जिसके द्वारा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चाम्पा से जारी 42 विभागीय पत्रों को संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को वितरित न कर और थाना प्रभारी चांपा को जानकारी न देकर अनावश्यक अपने पास रखकर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही पूर्ण आचरण प्रदर्शित करने पर आरक्षक क्रमांक 583 पद्मराज सिंह के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय द्वारा विभागीय जांच आदेशित की गई।

### समस्याओं को विधायक का धरना प्रदर्शन आज

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत चंद्रपुर में निर्माणाधीन गौरव पथ कार्य को पूर्ण करने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में खाद की कमी एवं क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्याओं को लेकर चंदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव शनिवार 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन करेंगे। इसे लेकर विधायक ने सक्ती कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है। विधायक ने प्रशासन से स्पष्ट शब्दों में कहा कि 12 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आर्थिक नाकेबंदी और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र साक्षात्कार 14 और 15 को

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के 8 पद एवं घरेलु हिंसा संरक्षण अधिकारी नवा बिहान के 1 पद के लिए दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र सूची जिला प्रशासन के वेब साईट पर जारी की गई है। इन पदों पर चयन हेतु दस्तावेज सत्यापन, लिखित, कौशल परीक्षा व साक्षात्कार 14, 15 जुलाई को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के कार्यालय लवसरा रोड जेठा जिला सक्ती में सुबह 9 बजे से आयोजित है। पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाणपत्र, अनुभव के समर्थन में प्राप्त वेतन के प्रमाण स्वरूप बैंक स्टेटमेंट, पे स्लिप वाउचर , पास बुक की छायाप्रति मूल प्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा।

### प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम नगपुरा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगपुरा निवासी योगेश बिंद द्वारा 25 जून को प्रार्थी तेरस राम बिंद निवासी नगपुरा थाना बलौदा के घर के पास जाकर उसके दरवाजा को जोर जोर से खटखटा रहा था, खटखटाने की आवाज सुनकर दरवाजा को खोला तो आरोपी योगेश कुमार बिंद हांथ में डंण्डा लिये खड़ा था। जिसको प्रार्थी द्वारा अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा से प्राण घातक हमला कर मारपीट किया। जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना बलौदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी द्वारा घटना घटित कर फरार था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। एसपी व एएसपी के के निर्देशन में पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे सउनि प्रतिभा राठौर, गजाधर पाटनवार, ईश्वरी राठौर, श्याम राठौर एवं थाना बलौदा स्टाफ का योगदान रहा।

# सांसत में बच्चों की जान, जर्जर छत के नीचे भविष्य गढ़ रहे नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

## जगह जगह से उखड़ रहा प्लास्टर, झांक रहा सरिया

शासन द्वारा शिक्षा को लेकर जहां पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है, और व्यवस्था सुधारने दुनिया भर की बातें कही जाती है। बावजूद इसके बदहाल सरकारी स्कूलों की तस्वीर और तकदीर नहीं संवरी।
पामग़ढ़ ब्लाक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला तनौद इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहां तकरीबन पौने 2 सौ बच्चे जर्जर स्कूल भवन में अपना भविष्य गढ़ रहे है। यहां छत का प्लास्टर जगह जगह से उखड़ रहा है और भीतर लगा सरिया अब नजर आने लगा है। ऐसे में लगातार बारिश में ना जाने कब क्या घटना हो जाए। इसको लेकर भी चिंता सताने लगी है।

पामगढ ब्लाक के ग्राम पंचायत तनौद स्थित मीडिल स्कूल का भवन जर्जर हो चुका है। ऐसे में यहां पढ़ने वाले करीब 180 छात्र छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई लिखाई करने विवश है।





### होता है जल भराव

पानी गिरने पर शाला परिसर में घुटने से ऊपर तक पानी भर जाता है। जिसके कारण कक्षाओं में विद्यार्थियों का जाना संभव नहीं हो पता है एवं कक्षाओं को निरस्त करना पड़ता है। जल भराव के चलते सांप एवं बिच्छू भी आए दिन कक्षाओं के अंदर आ जाते हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना बन सकते हैं।

- संजय चौधरी
शासकीय पुर्व माध्यमिक विद्यालय तनौद

स्थिति यह है कि भवन का प्लास्टर उखड़कर गिर गया है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों योजनाएं चला रही है, लेकिन यहां पामगढ़ विकासखण्ड ग्राम पंचायत तनौद में खोखले साबित हो रही है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तनौद का भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। जिसकी छत का प्लास्टर जगह जगह से उखडने लगा है। प्लास्टर उखडने के साथ छत में लगा सरिया पूरी तरह से बाहर आ गया है। ऐसे में लगातार हो रही बारिश और इस भवन की स्थिति को देखते हुए बच्चों और शिक्षकों के अलावा अभिभावक भी चिंतित नजर आने लगे है। बताया जाता है कि भवन की जर्जर स्थिति के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी यहां की स्थिति पर किसी का ध्यान नहीं है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा शिक्षा को लेकर दुनिया भर की योजनाएं चलाई जा रही है। भवन निर्माण के साथ जर्जर भवनों के देखरेख और मरम्मत के लिए हर साल शिक्षा विभाग को राशि भी आबंटित की जाती है। बावजूद इसके जर्जर भवनों की मरम्मत को लेकर समुचित पहल नहीं हो पा रही है।

## समय पर वितरण नही होने के चलते किसानों की बढ़ी परेशानी

# खत्म नहीं हो रही खाद की किल्लत सोसायटियों में भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में इस साल खरीफ सीजन के दौरान 38 हजार 232टन खाद वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत करीब 20 हजार 270 टन खाद भंडारण समितियो में किया गया है। वही अभी 6 हजार 497 टन खाद का वितरण करना बाकि है। जिसके चलते किसानो की दिक्कते और भी बढ गई है।

गौरतलब है कि खरीफ सीजन के तहत जिले में खेती किसानी का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए किसानो को खाद की जरूरत पडती है। जांजगीर चाम्पा जिले में इस साल 38 हजार 232 टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके अंतर्गत यहां के 101 सेवा सहकारी समितियो में खाद वितरण करने का काम अभी चल रहा है। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में इस साल करीब 38 हजार 232 टन खाद वितरण करने का टारगेट रखा गया है। जिसके तहत 20 हजार 270 टन खाद का भंडारण किया गया है। इनमें समितियो में 13 हजार 773 टन खाद का वितरण कार्य पूरा कर लिया गया है। वही अभी 6 हजार 498 टन खाद का वितरण करना बाकि है। इधर ग्रामिण क्षेत्रो में खेती किसानी का कार्य प्रारंभ होते ही किसानो को प्रमुख रूप से खाद की जरूरत पढती है। ताकि समय पर खाद मिलने से खेती किसानी का कार्य समय के अनुसार चलता रहता है। जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक जिनमें पामगढ, अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह एवं नवागढ क्षेत्रो में बडे ब्यापक पैमाने पर धान सहीत अन्य फसलो की पैदावार किसान प्रमुख रूप से करते है। वही समय पर खाद का वितरण नही करने पर कृषको की परेशानी और भी बढ जाति है। यहां करीब 1 लाख 27 हजार हेक्टेयर कृषि जमीन पर प्रमुख रूप से किसान धान की खेती करते है। जो लक्ष्य रखा गया है उसके मुताबिक करीब 68 फिसदी खाद का वितरण कर चुके है। वही अभी 32 फिसदी खाद का वितरण समितियो में किया जाना अभी बाकि है। बताया जाता है कि जांजगीर चाम्पा जिले में इस साल 38 हजार 232 टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह की समस्या बम्हनीडीह, नवागढ, बलौदा, पामगढ़ क्षेत्र के किसानों को हो रही है। इसे लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसर समस्याओं को लेकर ध्यान नहीं दे रहे है। जिसके चलते किसानों की दिक्कतें बढ़ गई है। किसानों को समय पर खाद का वितरण नहीं हो पाने के चलते उनकी परेशानी बढ़ गई है। सेवा सहकारी समितियों में खाद की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है।



### लक्ष्य पर एक नजर

जांजगीर चाम्पा जिले के सेवा सहकारी समितियो में करीब 38 हजार 232 टन खाद वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें युरिया खाद 19 हजार 600 सौ टन,एसएसपी 6 हजार 370 टन, डीएपी 2 हजार 500 सौ टन, एनपीके 9 हजार 52 टन एवं मोप 710 टन वितरण काने का टारगेट रखा गया है। वही 7 हजार 763 टन युरिया, 2 हजार 407 टन एसएसपी,1 हजार 8 सौ टन डीएपी, 1 हजार 102 टन एनपीके, एवं 701 टन मोप खाद का वितरण सेवा सहकारी समितियो में पूरा कर लिया गया है।

### चल रहा कार्य

समितियो में 20 हजार 270 टन खाद का भंडारण किया गया है। जिसमे 13 हजार 773 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अभी 6 हजार 497 टन खाद का वितरण करना बाकी है। जल्द वितरण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

-अमित साहू,
नोडल अफसर
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

# केन्द्र पहुंचने के बाद भी अवसर परीक्षा दिलाने से वंचित हुए छात्र

## 10वी बोर्ड अनुत्तीर्ण स्टूडेंट के लिए बनाई गई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

10 वी बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण 69 छात्रो ने फिर से परीक्षा में बैठने को लेकर अवसर परीक्षा के तहत आवेदन जमा किए, इस बीच हिन्दी के विषय में 55 छात्र शामिल हुए वही 14 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे । खास बात यह है कि 14 में से 5 बच्चे केन्द्र पहुंचकर भी परीक्षा दिलाने से वंचित हो गए। इसे लेकर अभिभावको में आक्रोश भी देखा गया।

गौरतलब है कि 10 बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले छात्रो को फिर से परीक्षा दिलाकर पास होने को लेकर अवसर परीक्षा प्रारंभ किया गया है। ताकि फेल हुए छात्र दोबारा परीक्षा में बैठकर पास हो सके। इसी कडी में शुक्रवार 11 जुलाई को जिला मुख्यालय जांजगीर के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक आयोजित किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने को लेकर करीब 69 छात्रो ने अपना आवेदन जमा किया था। जिसके तहत हिन्दी विषय की परीक्षा में करीब 55 छात्र छात्राऐ शामिल हुए वही 14 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। परीक्षा दिलाने के लिए 17 स्कूलो के फेल हुए छात्र पहुंचे थे। खासबात यह है कि जो 14 छात्र छात्राऐ अनुपस्थित रहे उनमें से 5 छात्र परीक्षा दिलाने के लिए केन्द्र तक पहुंचे। लेकिन परीक्षा दिलाने से वंचित रह गए। जिसे लेकर उनके पालको मे आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 10वी बोर्ड अवसर परीक्षा को लेकर आत्मानंद स्कूल में तीन केन्द्र बनाए गए थे। जहां 69 छात्रो के बैठने की ब्यवस्था बनाई गई थी। वही केन्द्र क्रमांक 1,2 एवं 3 में ब्यवस्था बनाई गई थी, लेकिन परीक्षा दिलाने पहुंचे छात्र इन केन्द्रों के बजाय कक्ष क्रमांक 5 में चले गए। वही करीब सवा घंटे के बाद वापस आए। जिसके चलते परीक्षा डयुटी के कार्य में लगे अधिकारियो के द्वारा उन्हें नियमो का हवाला देकर परीक्षा दिलाने से बाहर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार परीक्षा दिलाने को लेकर समय सीमा में करीब आधे घंटे की छुट मिली हुई थी। इसे लेकर अभिभावको में आक्रोश देखा जा रहा है। इसे परीक्षा प्रबंधन की लापरवाही कहे या फिर छात्रो की ऐसे में नुकसान तो छात्रो का ही हुआ है।




जांजगीर स्थित आत्मानंद विद्यालय।

### किया गया निरीक्षण

अवसर परीक्षा दिलाने को लेकर 69 छात्रो ने आवेदन जमा किया जिसके तहत करीब 55 छात्र परीक्षा मे शामिल हुए। वही 14 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे । इनमें से 5 छात्र समय पर परीक्षा दिलाने नही पहुंचे जिसके चलते उन्हे संबंधित केन्द्र प्रबंधन के द्वारा परीक्षा से बाहर रखा गया।

-श्रृंजल साहू
नायब तहसीलदार
जांजगीर

# बालक को बहला फुसलाकर किया अनाचार, युवती गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग बालक को बहला फुसलाकर उसके साथ अनाचार करने के मामले में युवती को गिरफ्तार किया गया है। मामला जांजगीर थाना का है।


इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग बालक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 1 जुलाई को थाना जांजगीर में धारा 137 (2) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा नाबालिग बालक की पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में सायबर तकनीक के आधार पर पता चला कि नाबालिग बालक जगदलपुर तरफ एक युवती के कब्जे में है जिसकी सूचना पर सीएसपी जांजगीर श्रीमती कविता ठाकुर के नेतृत्व में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जगदलपुर तरफ रवाना हुई। युवती को घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बतायी की नाबालिग बालक को शादी करने का प्रलोभन देकर उसके साथ अनाचार करना बताया। युवती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# नो एंट्री में भारी प्रवेश करने वाले 95 चालकों से वसूले सवा 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नो एन्ट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस जांजगीर की ताबडतोड कार्यवाह की गई है। विगत 6 माह के भीतर 95 वाहन चालकों के एमव्ही के तहत कार्रवाई करते हुए 2 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसमें यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर जिले के अलग - अलग जगहों में वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें जनवरी 2025 से अब तक कुल 95 भारी वाहन चालको के द्वारा नो एन्ट्री में प्रवेश करने पर चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस ने भारी वाहनो को अनावश्यक रोड में खड़ा न करें, भारी वाहनो को नो एंट्री में प्रवेश ना करें, शराब के नशे में वाहन न चालाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं, माल बाहक, वाहन ट्रेक्टर, पिकअप या अन्य माल वाहक वाहन में सवारी न बैठाये व नाबालिकों को वाहन नही चलाने देने सहित अन्य जानकारियां दी गई।



## गुणवत्ता की अनदेखी को लेकर उठे सवाल, शिवरीनारायण नगर का मामला

# साल भर भी नहीं टिक पाई डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर पंचायत शिवरीनारायण में डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क साल भर में ही बद से बदतर हो चली है। जगह जगह गडढे बन गए है तो वहीं अधिकांश सड़क से डामरीकरण की परत उखड़ने लगी है। ऐसे में निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता की हुई अनदेखी पर सवाल उठने लगे है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवरीनारायण में केरा रोड से लेकर पुल तक सड़क चौड़ीकरण और नई सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ था। इसके लिए शासन से 1 करोड़ 45 लाख रुपए मिले थे। यह कार्य तत्कालीन अफसरों की निगरानी में ठेकेदार के माध्यम से कराया गया। बताया जाता है कि निर्माण कार्य के दौरान सडक की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। घटिया सामग्री का प्रयोग आंख मूंदकर किया गया। लिहाजा डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क चंद महीने में ही उखडने लगी। वर्तमान में इस सड़क पर बिछाई गई डामर की परत जगह जगह से उखडने लगी है, तो वहीं सडक पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। बरसात के दिनों में तो अभी इस सड़क की हालत और भी बद से बदतर हो गई है। विभागीय सूत्रों की मानें तो सड़क निर्माण के दौरान तत्कालीन अफसरों ने ठेकेदार से मिलीभगत कर गुणवत्ता की जमकर अनदेखी की। सारे नियम कायदों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से इस सड़क का निर्माण कार्य कराया गया। निर्माण कार्य में इस तरह से गुणवत्ता की अनदेखी हुई है। यह सडक की उखडती परतों के साथ



जर्जश सड़क।

### शीघ्र मरम्मत कराने की मांग

पुल चौक से केरा रोड तक बदहाल सड़क की तत्काल मरम्मत करने की मांग वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद रेखा परमानंद कश्यप ने की है। उन्होंने जनहित में उक्त सड़क की शीघ्र मरम्मत और स्ट्रीट लाइट को सुचारू करने तथा अधूरी लाइट को पूर्ण कराने की मांग की है।

### टेंडर किया निरस्त

निर्माण कार्य किए जाने के पश्चात गारंटी अवधि तक उक्त रोड में जो भी क्षति होती है ठेकेदार द्वारा उसका मरम्मत कार्य किया जाना होता है। इसके संबंध में 4 बार नोटिस जारी किया जा चुका है। इसीलिए ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर निकाय ठेकेदार की जमा राशि राजसात करने प्रकरण परिषद की ओर भेजी गई है।

-राकेश साहू ,
सीएमओ, नपं शिवरीनारायण

# जर्जर शाला भवन की मरम्मत को लेकर बीईओ को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शाला निरीक्षण के दौरान पार्षद के द्वारा जर्जर शाला भवन से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया। जिस पर जल्द ही व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया गया।

वार्ड नंबर 19 के पार्षद देवनारायण बरेठ द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंधियारी पाठ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक छेदीलाल शर्मा के द्वारा पार्षद को जर्जर शाला भवन के बारे में बताए जाने पर देवनारायण बरेठ के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को फोन के माध्यम से जर्जर शाला भवन के विषय में अवगत कराया गया एवं जल्द से जल्द शाला भवन को व्यवस्थित करने की मांग की गई। निरीक्षण के दौरान आरईएस के एसडीओ आरके खुराना भी शाला परिसर पहुंचे। एसडीओ द्वारा स्कूल की जर्जर हालत को शिघ्र ही व्यवस्थित करने और नये शौचालय बनाने का आश्वासन दिया गया। पार्षद के द्वारा शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमित सिंह चंदेल की उपस्थिति में विद्यार्थियों से पढ़ाई से संबंधित पूछताछ कर, पुस्तक वितरण किया गया।



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरबा।** जिले में 25वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतिगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन गुरुवार को सेंट्रल वर्कशॉप एसईसीएल फुटबॉल मैदान कोरबा में संपन्न हुआ, जिसमें सब जूनियर बालक 15वर्ष में एमजीएम बालको कोरबा विजेता रहे। जूनियर बालक 17वर्ष में एम जी एम बालको कोरबा विजेता तथा सेजस बांकीमोंगरा कटघोरा उपविजेता रहे। 17वर्ष बालिका सेजस सिंघिया पोंडीउपरोडा विजेता रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, के आर टंडन क्रीड़ा खंड कोरबा के मार्गदर्शन में तथा संयोजक प्राचार्य मनोज बारिक गाटलिव, श्रीमती कल्पना मिश्रा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक कृष्ण गढ़वाल, संदीप गौरहा, युवा कल्याण विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### गोपाल बने श्याम मित्र मंडल कोरबा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष



**कोरबा।** श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष पद हेतु हुए चुनाव में गोपाल अग्रवाल सीए ने अपने निकटतम उम्मीदवार जगदीश सोनी को 74 वोटों से हराकर अध्यक्ष पद पर आसीन हुए हैं, मुख्य चुनाव अधिकारी नूतन सिंह ठाकुर ने बताया कि कुल 280 वोट पड़े जिसमें गोपाल अग्रवाल को 175 तथा जगदीश सोनी को 101 वोट मिले, वही 4 वोट निरस्त घोषित किए गए, नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कहा है कि सभी सदस्यों एवं निर्वाचित कार्यकारिणी को साथ लेकर मंदिर की प्रतिष्ठा एवं मंदिर के हित में कार्य किए जाएंगे उन्होंने चुनाव के दौरान प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से उनके सहयोग करने वालों को धन्यवाद दिया है।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम के कर्मचारी हो रहे सम्मानित

**कोरबा।** नगर निगम के सहायक ग्रेड-2 गोविंद पालीवाल, हेल्पर मजदूर कमलकांत शर्मा एवं खम्हनदास को जुलाई माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि आज से 6 माह पूर्व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम की सहायक ग्रेड-2 गोविंद पालीवाल, हेल्पर मजदूर कमलकांत शर्मा एवं खम्हनदास को जुलाई माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है। फेस आफ द मंथ चुने गए गोविंद पालीवाल, कमलकांत शर्मा व खम्हन दास ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम प्रशासन ने हम लोगों के परिश्रम व कार्य के प्रति हमारी निष्ठा के लिए हमें जो सम्मान दिया है, उसके लिए हम निगम प्रशासन के प्रति दिल से आभारी हैं, उन्होने कहा कि हम अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, हमें इससे यह प्रेरणा मिली है कि हम आगे और भी अधिक अच्छा कार्य करें, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें।

### दीपका मंडल के रोहित बने उपाध्यक्ष

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी दीपका मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही



रोहित राठौर को उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश और भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय जी की सहमति से जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने दीपका मंडल के लिए नई टीम की घोषणा की। रोहित राठौर को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

गुरु पूर्णिमा पर अघोर आश्रम पोड़ीदल्हा में हुए विविध आयोजन, 542 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

# भौतिकता की चकाचौंध में न खोएं, राम-नाम को जीवन का आधार बनाएं : कापालिक बाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आषाढ़ पूर्णिमा गुरुवार 10 जुलाई को अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोंडी दल्हा के द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व को पोंडी दल्हा में हज़ारों भक्तों के बीच भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। औघड़ पीर पर्व के रूप में मनाये जाने वाले इस पर्व की शुरुआत प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी से की गयी। आश्रम के भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने परिसर में सफाई एवं श्रमदान किया।

आश्रम परिसर में अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम का ध्वजारोहण किया गया एवं सफलयोनि का पाठ हुआ। अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम के अध्यक्ष परम पूज्य बाबा कापालिक धर्म रक्षित राम अपने आसन पर सुबह 11:30 बजे विराजमान हुए और दर्शन-पूजन का कार्यक्रम की शुरुआत हो गई जो रात्रि नव बजे तक चली। गुरु दर्शन के लिए छह हज़ार से ज्यादा लोग आश्रम परिसर में आए और गुरूदर्शन का लाभ लिया। गुरु दर्शन के कार्यक्रम के साथ ही आश्रम स्थित अघोर चिकित्सालय अस्पताल में विभिन्न क्षेत्र के ख्याति प्राप्त चिकित्सको ने अपनी सेवाएं दी। इसके बाद फिर रात्रि के ग्यारह बजे तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चला। इस कार्यक्रम के संचालन और सुरक्षा में आश्रम के स्वयं सेवकों के साथ आश्रम के विद्यालय अघोर विद्या पीठ के बच्चे एव आर के सिंह स्कूल के एनएसएस के विद्यार्थी, विधुत विभाग, थाना अकलतरा एवं यातायात विभाग जाँजगीर का भी योगदान रहा। सायंकाल को हुई युवा एवं महिला गोष्ठी में देश भर से आए भक्तों को आशीर्वाद देते हुए संस्था के अध्यक्ष पूज्य कापालिक धर्म रक्षित राम ने कहा कि राम-नाम नामक मणि को अपने साथ हमेशा रखें। हमारी आस्था, विश्वास, हमारे संस्कार, हमारे कर्म यहाँ तक ले आते हैं। यहां पर आने के पश्चात हम लोगों ने जो भी बातें आप सभी



कापालिक बाबा का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करते श्रद्धालु।



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

के मुख से हमने सुनीं वह सब अघोरेश्वर महाप्रभु की वाणियाँ हैं जो हमारे अघोर ग्रंथावली में लिखी हुई हैं। आशा है इन सबको हम लोग ग्रहण करेंगे, नहीं तो हमारा यहां दूर-दूर से आना, रहना, अपना समय देना हो सकता है कि व्यर्थ चला जाय। आज के इस चकाचौंध भरे भौतिक युग में हम लोगों की भौतिक उन्नति तो हुई है, लेकिन हम अपने संस्कार, अपनी संस्कृति और अपने पूर्वजों की दी हुई सीख को कदापि न भूलें। आज के समय में हम बहुत सी चीजों का रसास्वादन करते रहते हैं लेकिन हमारी रसना राम-नाम के रसास्वादन से वंचित रह जाती है। हमारा यह शरीर भी एक दिन काल-कवलित हो जाता है और जिसके मोह में पड़ के हर तरह के भौतिकता की चकाचौंध में अंधे होकर कृत्य-अकृत्य हम करते हैं वह भी काल-कवलित हो जायेगा। हमारे द्वारा बनाए गए बड़े-बड़े मकान, कंगूरे सब एक-न-एक दिन नष्ट हो जाते हैं। हम अपने भविष्य को क्यों खराब करें। हम अपने सारे कार्यों को करते हुए उस राम-नाम रुपी मणि को अपने साथ हमेशा रखें। हम अच्छा कर्म करें और जरुरतमंदों की मदद अवश्य करें, लेकिन समय-काल और परिस्थिति को देखते हुए अपनी रक्षा के उपाय भी अवश्य करें। यह नहीं कि आपको कोई मारने आ रहा है या कोई सांड ही आपको मरने आ रहा है तो आप किसी का इन्तजार करें कि कोई आकर हमें बचा ले, उस समय आपके हाथ में जो कुछ भी रहेगा उसी से प्रहार करके आप अपनी रक्षा कर सकते हैं। शरीर की रक्षा के लिये उसके उपाय और संशाधन हमें रखने होंगे। क्योंकि इसी मनुष्य शरीर से हम ज्ञान सहित सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। मोह ग्रसित हो जिस चीज से हमलोग सबसे अधिक डरते हैं वह तो अवश्य ही आनी है। हमारा सबसे बड़ा डर मृत्यु को लेकर है। यह शरीर किसी का भी रहा नहीं है। हां, आपकी और हमारी आत्मा को कोई नहीं छू सकता। न कोई डरा सकता है, न मार सकता है और न नष्ट ही कर सकता है। राम-नाम के सूत्र को पकडे रहेंगे तो हमारा वह भय भी जाता रहेगा। बहुत धन या संपत्ति हो जाने पर हममें एक अहंकार भी आ जाता है कि अरे यह सब तो मैंने ही इकठ्ठा किया है और वही अहंकार उसके संस्कार और कर्मों को नीचे गिरा देते हैं। हो सकता है कि आज जो आपके पास है वह आपके पूर्व जन्मों के कर्मों का फल हो या आपके माता-पिता के अच्छे संस्कारों के चलते य पूर्वजों के सद्कर्मों की देन हो या हमारी गुरुजनों के प्रति निष्ठा के चलते मिला हो। गुरु पूर्णिमा के पर संस्था की ओर से सुबह निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। आश्रम के व्यस्थापक गोपाल राम जी ने अवधूत भगवान राम के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें काफी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरवासियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। चिकित्सकों को दिखाने के लिए कतार लगी रही। लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। शिविर में करीब 542 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर सुबह 10 से 4 बजे तक चला। चिकित्सकों ने बारी-बारी से मरीजों की जांच कर परामर्श दिया तथा निःशुल्क की दवा वितरण में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में अम्बिकापुर से आए डाक्टर कृष्ण मोहन पाठक ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एव वर्तमान विधायक धरमलाल कौशिक, क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगेडे, गुलाब सिंह पूर्णेन्द्र सिंह दिवाकर राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## शिक्षा प्रत्येक बालक-बालिकाओं को प्राप्त करना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ शाला त्यागी बालिकाओं का पुन: शाला प्रवेश कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विकासखण्ड बम्हनीडीह के ग्राम चोरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला त्यागी बालिकाओं का पुनः शाला प्रवेश एवं कार्यशाला आयोजित किया गया। इसके साथ ही स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में सखी केंद्र प्रशासक सुश्री एच. निशा खान के द्वारा हरियाली और शिक्षा पर चर्चा करते हुए बताया कि हरित परिवर्तन पर्यावरण संवर्धन के लिए आवश्यक है वैसे शिक्षा प्रत्येक बालक-बालिकाओं को हर स्तर पर प्राप्त करना आवश्यक है। साथ ही छात्र-छात्राओं को सखी वन स्टॉप सेंटर क्या है, हिंसा की प्रकृति एवं प्रकार, सखी द्वारा हिंसा से पीड़ति, प्रताड़ति एवं संकटग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधा व सहायता की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा नवा बिहान संरक्षण अधिकारी श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं के साथ होने वाली लैंगिक प्रकृति की हिंसा होने पर कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 एवं कानूनी कार्यवाहियों के संबंध में बताया गया कि पीड़ित महिला किस प्रकार सहायता ले सकती है की जानकारी दी गई। समाज में महिलाओं टोनही के रूप में चिन्हित कर उन्हें प्रताड़ति करने के विरूद्ध कानूनी अधिकारों दहेज प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 3 बालिकाएं जिन्होंने शिक्षा के महत्व को जाना एवं अपने व्यक्तिगत अनुभव व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने बीच में स्कूल पढ़ाई से 1 वर्ष पूर्व पृथक हो गई थी। किंतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उन्हें शिक्षा और सशक्तिकरण की समझाइश दी गई और बालिकाओं ने शिक्षा पूर्ण करने हेतु पुनः स्कूल प्रवेश लिया है। शाला पुनः प्रवेश करने वाली बालिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं शाला प्रबंधन को पौधा वितरण कर प्रकृति के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सखी टीम, नवा बिहान, मिशन शक्ति, सुपरवाइजर श्रीमती दुर्गेश नंदिनी यादव, श्रीमती रामकुमारी पटेल, श्रीमती उर्मिला भारती, प्रधान पाठक टीमन लाल चंद्रा एवं शिक्षक गण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## छात्र छात्राओं को बताए गए जीवन में पेड़-पौधों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

■ शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा में किया गया पौधरोपण

एक पेंड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को महाविद्यालय बिर्रा मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बी के डहरिया ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पौधरोपण एवं जीवन मे पेंड़ पौधों के महत्व को बताया।

उन्होंने ने छात्रों को बताया कि हमारे दैनिक जीवन में पेंड़ पौधों का बड़ा ही महत्व है, हम हर तरह से अपने जीवन के बहुत सारी आवश्यक चीजों की भरपाई पेंड़ पौधों से ही पूरी कर पाते है। हमें यदि जलाऊ लकड़ी चाहिए या इमारती लकड़ी प्राप्त करना हो तो हमें पेंड़ पौधों पर ही निर्भर रहना पड़ता है, किन्तु आज के भागम भाग समय में मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए जिस हिसाब से अंधाधुंध वनों की कटाई कर रहा है वह उचित नहीं है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर मुकेश कुमार ने भी अपने उद्बोधन में छात्रों को बताया कि हमें जीवन दायिनी प्राण वायु पेंड़ पौधों से प्राप्त होती है इसलिए हमें उसका देखभाल एवं रखरखाव अपने घर के सदस्यों जैसी करनी चाहिए, तभी हमारा जीवन सुखमय रह सकता है। इसके बाद छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय के स्टॉफ के साथ मिलकर पौधे लगाए एवं उसकी देखभाल करने के लिए शपथ भी लिए। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक उत्तम सिदार, सौरभ शर्मा, डॉक्टर सरोजिनी कोशले, श्रीमती मनीषा अवस्थी, विकास गुप्ता, मोहन कश्यप, छात्रों में हिमांशु खूंटे, दिव्या सारथी, संध्या मल्होत्रा, महेश्वरी कश्यप, मनीषा कुमारी, दुर्गा पटेल, धर्मेंद्र भारद्वाज एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सलखन में 650 पौधों का रोपण कर जागरूकता का दिया संदेश

**गोधना।** ग्राम पंचायत सलखन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सरपंच रामकृष्ण कश्यप ने की, जिन्होंने स्वंय पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की।इस अवसर पर उप सरपंच संतोष धीवर, पंचायत प्रतिनिधि छोटेलाल साहू, आवास मित्र अमित तिवारी, राजकपूर, रोजगार सहायक रामफल, रमेश फंदू, दुर्गेश कश्यप समेत पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। पंचायत भवन, शाला परिसर, मार्गों के किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कुल 650 पौधे लगाए गए, जिनमें 200 आम, 150 कदम, 100 बिही, 100 पपीता, 100 मुनगा एवं 50 नीम शामिल हैं। सरपंच श्री कश्यप ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम केवल पौधारोपण का अभियान नहीं, बल्कि यह मां के सम्मान और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक भावनात्मक पहल है। उन्होंने सभी से अपील की कि लगाए गए पौधों को बच्चों की तरह पालें और उनकी नियमित देखरेख करें।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि सभी पौधों की निरंतर देखभाल की जाएगी और उन्हें सुरक्षित वृक्ष के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ, हरित और जीवनदायिनी पर्यावरण मिल सके।



## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-अकलतरा

आम आदमी पार्टी के द्वारा 11 जुलाई को युक्ति युक्त कारण के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर हज़ारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है। सरकार नाकामी छुपाने 10 हजार स्कूल बंद कर दिया गया ताकि छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी नहीं देना पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आम आदमी



ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

पार्टी विरोध जताती है। प्रदेश महिला अध्यक्ष मिथिलेश बघेल ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के तहत जब दो स्कूलों को मिलाया गया, तो कई छात्रों को अब 3-5 किमी दूर स्कूल जाना पड़ रहा है। इससे खासकर बालिकाओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। जहां एक ओर शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया, वहीं कई स्कूल ऐसे रह गए जहाँ विषय विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं हैं। बच्चों को बिना गणित या विज्ञान शिक्षक के पढ़ाई करनी पड़ रही है। कई स्थानों पर बिना स्थानीय स्थिति को समझे स्कूलों का विलय किया गया। धरना प्रदर्शन को प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा ने भी संबोधित किया। ज्ञापन सौंपने वालों में लोकसभा सचिव राजेश पूरी गोस्वमी जिला सचिव विनय गुप्ता, ललित बगेल हेमंत पटेल, रामकृष्ण कश्यप, रामराज कुर्रे एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे।

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क..................अ-2/2024-25 ग्राम...... चांपा.... प.ह.न.07 तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम.......चांपा प.ह.न.......07.... तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ०ग० की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री अजय अग्रवाल पिता रामगोपाल अग्रवाल निवासी ग्राम अग्रसेन चौक कोरबा रोड़ चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को व्यावसायिक (माल गोदाम) प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त व्यावसायिक (माल गोदाम) प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 28/07/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अनुसूची : खसरा नं. 2242/8, 2243/6, 2244/5 रकबा 0.022 हे., 0.113 हे., 0.016 हे. कुल रकबा 0.151 हेक्टेयर भूमि... लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07/7/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं 202507065400004
स-131/2024-25
क्रमांक / 366/तह./ज.मू./202
नवागढ़, दिनांक 9/7/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश दिनकर पिता लखनलाल जाति सतनामी साकिन मुड़पार तहसील नवागढ़ व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 15 ग्राम मुड़पार में अपने/अपनी (रिश्ता लिखे) बहन नाम बिन्दा के जन्म दिनांक 5/6/1995 को होने से जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 25/7/25 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 9/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**नवागढ़**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, कोलेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**खबर संक्षेप**

## लीनेस चेयरपर्सन ने किया जरुरतमंदों को छाता वितरण



**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस प्रभा जायसवाल ने लगातार हो रही बारिश से बचाव हेतु जरूरत मंदो को छाता वितरण किया इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एक्सक्यूजिटव आफिसर लीनेस शालू पाहवा,लता नायक, रामकुवर साहु, डिस्ट्रिक्ट सह सचिव लीनेस अनीता सिंह, विजया जायसवाल, अध्यक्ष अल्का कंवर, सचिव भगवती देवांगन, कोषाध्यक्ष पूनम साहू,कलेश्वरी साहु, रीता राज, ललिता साहु,मीरा देवांगन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भारत श्री सम्मान से डॉ. साहू सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** भव्या फाउंडेशन जयपुर राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम वैश्विक सम्मेलन में शिक्षा,साहित्य,समाज सेवा व उत्कृष्ट मंच संचालक प्रतिभा पर डॉ.बोधी राम साहू को भारत श्री राष्ट्रीय सम्मान 2025 से आकर्षक फ्रेमिंग युक्त सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह, मेडल,जयपुरी टोपी से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इनके विलक्षण प्रतिभा, समाज सेवा की भावना,साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन, शिक्षा प्रदेयो,महनीय शोध कार्य,सुदीर्घ हिंदी सेवा, राष्ट्र परिवार,साहित्य और समाज के प्रति समर्पण, प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 293 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है। इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस,डा.राघवेंद्र राठौर, अरुण तिवारी,बसंत चतुर्वेदी,सत्येंद्र सिंह, विजय प्रधान, जे. सी. साहू,दिलीप साहू, केशव साहू, रामरतन साहू सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।



## प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में लगाए गए फलदार व छायादार पौधे



**किरारी-अकलतरा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय पौना में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आम एवं जामुन के साथ ही अन्य पौधे का रोपण किया गया। पौधरोपण करने वालों में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक देवांगन, प्राथमिक प्रधान पाठक चेतन साहू , तीजराम लहरे, रामप्रताप कश्यप, महेश साहू, दिनेश तिवारी, मध्यान भोजन संचालिका एवं बच्चे शामिल रहे।

## निधन

### श्रीमती निर्मला शुक्ला

**चांपा।** स्थानीय सदर बाजार निवासी बाल्को से सेवानिवृत्त असिस्टेंट इंजीनियर स्व. चंद्रशेखर शुक्ला की धर्मपत्नी एवं कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक राजेश शुक्ला की माता श्रीमती निर्मला शुक्ला का गुरुवार 10 जुलाई को सुबह निवास पर निधन हो गया। वे 87 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती शुक्ला अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को ही अपरान्ह 4 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### नारायण साहू

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के प्रतिष्ठित नागरिक नारायण साहू का आकस्मिक निधन शुक्रवार 4 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया । वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उन्हें मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र मनहरण लाल साहू ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में एजेंडावार हुई चर्चा

# शालाओं में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक एजेण्डावार चर्चा हुई। कलेक्टर ने जर्जर भवनों में शाला संचालन ना किये जाने एवं शालाओं में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति में वृध्दि लाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये।

कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ वासू जैन, जिला शिक्षा अधिकारी विश्वास कुमार एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक व सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से एजेण्डावार चर्चा की गई जिसमे युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों द्वारा अपने कार्यभार ग्रहण कर लिया गया एवं ऐसे शिक्षक जिन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है उनके वेतन रोकने की कार्यवाही शासन के निर्देशानुसार की जा रही है। युक्तियुक्तकरण से जिले में कोई भी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन नहीं है। सभी स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई है। जिले में लंबित पेंशन प्रकरण में कार्यवाही की गई व छात्रवृत्ति 2024-25 का जिले में पूर्ण रूप से भुगतान हो गया है एवं सत्र 2025-26 की भुगतान की कार्यवाही पोर्टल खुलने पर तथा सी.जी. पोर्टल में अवकाश के आवेदनों पर कार्यवाही समय-सीमा में करने की चर्चा की गई। शालाओं में चल रहे मरम्मत कार्यों में प्रगति लाने पर चर्चा की गई। जिले में सत्र 2025-26 में जाति प्रमाण पत्र का लक्ष्य 4836 रखा गया है। इसके लिये संबंधित छात्र-छात्राओं को फार्म वितरीत करने चर्चा किया गया साथ ही जिले में बोर्ड परीक्षा परिणामो पर चर्चा की गई जिसमे हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणामो में गतवर्ष की अपेक्षा 2.4 प्रतिशत वृध्दि हुई है। निः शुल्क पाठ्य पुस्तक स्कैनिंग कार्य, निः शुल्क गणवेश वितरण व सायकल वितरण की प्रगति पर एवं अपार आई.डी. में छात्रो के पंजीयन में आने वाले समस्याओं पर चर्चा की गई। आर.टी.ई के तहत प्रथम चरण में जिले में 70 प्रतिशत सीट में प्रवेश लिया गया व द्वितीय चरण के लिए आवेदन 01 जुलाई से 12 जुलाई आमंत्रित किये जा रहे है। कलेक्टर ने जर्जर भवनों में शाला संचालन ना किये जाने एवं शालाओं में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति में वृध्दि लाने के निर्देश दिये गये। पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने व बोर्ड परीक्षाओं में जिले में परीक्षा परिणामो में वृध्दि हेतु सत्र के शुरूआत से ही योजना बना कर कार्य करने, शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिये गये।



शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी।



बैठक में निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।



## नाली बंद करने से पड़ोसी के घर में घुस रहा बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम अकलतरी में ग्रामीण के द्वारा नाली रोक दिए जाने से बरसात का पानी पड़ोसी के घर के अंदर घुस रहा है। लगातार हो रहे बारिश का पानी घर में घुसने से आक्रोशित व्यक्ति के द्वारा एसडीएम विक्रांत अंचल एवं तहसीलदार शशि भूषण सोनी को ज्ञापन सौंप कर नाली बंद करने वाले ग्रामीण के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने एवं नाली को खोले जाने की मांग की गई है।

■ **आक्रोशित ग्रामीण ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

इस संबंध में आवेदक ग्रामीण गणेश कुमार साहू पितार रामफल साहू निवासी ग्राम अकलतरी ने बताया किउसके घर से निकलने वाले नाली को ग्राम के ही टिकैत राम साहू के द्वारा जबरन रोक दिया गया है जिस कारण पूरे नाली का पानी उसके घर के अंदर ही भर गया है। घर में बड़े-बुजुर्ग, बच्चे व महिला हैं। नाली का पानी घर में भर जाने से उसके परिवार के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा गंदे पानी के कारण स्वास्थ्य भी खराब होने की आशंका है। गणेश राम साहू, ग्राम के सरपंच, ग्राम वासियों एवं 112 के पुलिस कर्मियों के द्वारा भी टिकैतराम साहू को समझाईश दी जा चुकी है लेकिन वे किसी की बात नहीं सुन रहा है एवं नाली को बंद करके रखा है। लगातार पानी के जमाव से घर के दीवारों के गिरने की भी आशंका बनी हुई है। एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर टिकैत राम साहू के द्वारा बंद किए गए नाली को खोले जाने की मांग की गई है।

## गुरु जीवन में नैतिक मूल्यों, आत्मानुशासन एवं श्रेष्ठ चरित्र की ओर करते है मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



लायंस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गुरु वंदना,गीत एवं भाषण की प्रस्तुति देकर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि दयानंद सरस्वती जी की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर अपनी श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु जीवन में केवल शिक्षा ही नहीं देते, अपितु हमें नैतिक मूल्यों, आत्मानुशासन एवं श्रेष्ठ चरित्र की ओर भी मार्गदर्शन करते हैं। इस आधुनिक युग में गुरु का मार्गदर्शन और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे गुरुजनों का सम्मान करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाएं। कार्यक्रम का समापन वैदिक परंपरा के अनुसार वैदिक शांति पाठ के साथ किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

■ **लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु पूर्णिमा**

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए विभिन्न प्रकार के पौधे

**तुस्मा।** धान मंडी शिवरीनारायण तुस्मा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो पामगढ़ ब्लॉक ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कश्यप एवं मानव अधिकार टीम ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, अमरूद, और करंज जैसे उपयोगी व औषधीय पौधे शामिल रहे। दिनेश कश्यप ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। वृक्ष केवल छाया नहीं देते, बल्कि शुद्ध वायु, जल संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते है। इस मौके पर टीम ने लोगों को वृक्षों की महत्ता और उनके संरक्षण के लिए जागरूक किया। उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखरेख नियमित रूप से की जाएगी।

## स्वीकृत आवासों का रजिस्ट्रेशन व जीयो टेग करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा

जनपद पंचायत डभरा के बीपीआरसी भवन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक लिया जिसमे प्रधानमंत्री आवास के नोडल ,जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्रों को प्रत्येक ग्राम पंचायत के स्वीकृत आवासों का विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वीकृत आवासों का रजिस्ट्रेशन, जीयो टेग आदी अविलम्ब पुर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। मनरेगा में सभी हितग्राहियों का 90 दिवस का मास्टर रोल जनरेट करने के साथ ही 25 जुलाई 2025 को सभी हितग्राहियों को एक पेड़ मां के नाम के तहत एक पेड़ लगाने का आदेशित किया तथा सभी हितग्राहियों को मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत अपने अपने घरों में बारिश की पानी की संरक्षण हेतु दो बाई तीन का सोखता गड्ढा बनाकर जल संरक्षण एवं संचयन के प्रयास किये जाने हेतु अपील किया गया जिससे भूजल स्तर बढ़ सके। इसके बाद ग्राम पंचायत ठनगन में स्वीकृत आवासों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों को अपूर्ण आवासों को अविलंब पुर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया वही उक्त आयोजित बैठक में विशेष रूप से जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले, आर ई एस के प्रभारी एस डी ओ सुमित कुमार राजपूत जिला के आवास समन्वयक प्रीति साव, खण्ड समन्वयक आशिष पटेल खण्ड समन्वयक आवास ग्रामीण के कोमल पटेल, सहायक विकास विस्तार अधिकारी भोलाराम पटेल, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सत्येन्द्र पटेल उपस्थित थे।

■ **ठनगन में स्वीकृत आवासों का निरीक्षण कर अविलंब पूर्ण करने दिए निर्देश**




बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते जिला पंचायत सीईओ।

## अब व्यापारियों व ग्राहकों को चिल्हर की नहीं होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

नगर में चिल्हर पैसे की किल्लत बढ़ने से व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यही कारण था कि लोगों में चिल्हर की कमी होने से 10 रूपये के सिक्के चलन से बाहर हो रहे थे। जबकि रिजर्व बैंक द्वारा दस रूपये के सिक्के को चलन से बाहर नही किया है। इस प्रकार की हो रही असुविधा से बचने एवं दस रुपए के सिक्के को बाजार में चलाने के लिये चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ईकाई के प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा के प्रेरणा से एवं अंजनी जिंदल, पवन जिंदल के मार्गदर्शन से एवं भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से चिल्लर वितरण कार्यक्रम सफल हुआ।

बाराद्वार के व्यापारियों ने चिल्लर वितरण में दस रूपये के सिक्के का वितरण व्यापारी भाईयों के साथ नगर में किया गया। सिक्के के वितरण से चिल्हर की समस्या तो समाप्त हो ही रही है साथ ही बाजार में अब पुनः भारी संख्या में दस के सिक्के नजर आ रहे हैं। इससे व्यापार में काफी लाभ भी मिलेगा कई बार ऐसी भी स्थित होती थी कि चिल्हर के अभाव में लोग सामान नही खरीद पाते थे। फिलहाल इस प्रकार की पहल से अब छोटे बड़े व्यापारियों सहित ग्राहकों को भी चिल्हर की परेशानी से जूझना नही पड़ेगा। इस वितरण कार्य में चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ईकाई के अंजनी जिंदल, पवन जिंदल, योगेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा सहित व्यापारिगण शामिल रहे। नगर पंचायत नया बाराद्वार के उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने कहा कि नगर में तरह तरह की समस्याएं होती है, किन्तु ऐसा नही है कि मेरे द्वारा केवल पंचायत स्तर से संबंधित समस्याओं को ही निराकरण किया जायेगा अपितु नगर में व्यापारी भाई के साथ साथ हर एक व्यक्ति चाहे वह समस्या व्यक्तिगत सामाजिक या नगरहित में मेरे द्वारा सभी परेशानियों का निराकरण करना भी मेरा कर्तव्य है। चिल्हर की कमी से हो रही परेशानियों के बारे में बार बार सुनने को मिल रहा था, इस हेतु चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ईकाई के प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में बैंक से 10 के सिक्के जारी कराकर वितरण किया गया है।



व्यापारियों को चिल्हर वितरण करते चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी व नगर पंचायत के उपाध्यक्ष

## ज्ञान भारती स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ज्ञान भारती विद्यालय जांजगीर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक डॉ. आर. सी. पाण्डेय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक श्री पांडेय ने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल हिंदी माध्यम में प्रथम स्थान अंकिता नामदेव तथा अंग्रेजी माध्यम में लता कौशिक ने प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। श्रुति जांगड़े हिमांशी कश्यप दिव्या साहू, ज्योति रत्नाकर , साक्षी साव आदि विद्यार्थियों को उनके गौरवशाली परिणाम के लिए सभी ने बधाई दिया। सभी शिक्षकों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी बच्चों को इस सत्र में अधिक उत्साह और लगन से अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य सीमा कश्यप ने इस परिणाम के लिए शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को श्रेय दिया। प्रबंधक देवेंद्र राठौर ने बताया कि होनहार बच्चों के द्वारा परीक्षा की तैयारी और एकाग्रता से पढ़ाई के कारण ही ऐसा परिणाम प्राप्त हुआ है और भविष्य में इनका अनुकरण करने को कहा गया। संचालक ने कहा कि जिस किसी को जो भी कठिनाई हो तो उसे संबंधित विषय शिक्षक व छात्रों से बात कर समस्या का निराकरण करें। आर के जैन द्वारा बताया गया कि सभी छात्रों का नियमित रूप से विद्यालय में आना चाहिए जिससे वे भी अपने पालकों व स्कूल का नाम रोशन करें। प्रवेशोत्सव में उपस्थित गणेश राम जांगड़े प्राचार्य अंग्रेजी माध्यम, गीतेश राठौर सहायक प्रबंधक, जयनंदन नामदेव, समीर तिवारी, सुमन्त पटेल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को अच्छे से मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने कहा।



बच्चों का उत्साह वर्धन करते संचालक एवं अन्य।

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## जनसंख्या बढने के कारण रोजगार व आर्थिक विकास होता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विवेकानंद स्कुल जांजगीर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर विजय अग्रवाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के उद्वेश्य के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हमारी वैश्विक जनसंख्या आंकडा, विश्व में जनसंख्या बढने के कारण होने वाले रोजगार आर्थिक विकास गरीबी आय वितरण एवं सामाजिक सुरक्षा को प्रभावित करता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मृत्यु की दर एवं जनसंख्या, प्रकृतिक संसाधन, पर्यावरण की सुरक्षा, विधि का शासन, मोटर दुर्घटना अधिनियम एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए वहां उपस्थित लोगों के पूछे प्रश्नों के संबंध में जवाब दिया गया। पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर प्रियंका अग्रवाल द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से मनाते आ रहें विश्व जनसंख्या दिवस के उद्वेश्य योजनाओं एवं भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिये व जनसंख्या वृद्धि के कारण व रोकने के उपाय, लिगांनूपत, लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह, प्रथम सूचना रिपोर्ट, संज्ञेय व असंज्ञेय अपराध के संबंध में जानकारी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने विश्व जनसंख्या दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाले प्राकृतिक संसाधन के दोहन एवं कमी के बारे में बाताया। साथ ही नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जागरुकता शिविर को लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल पैरालीगल वालेटिंयर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विवेकानंद स्कुल जांजगीर के प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने किया। विधिक जागरूकता शिविर आयोजित में पीएलव्ही जयराम गढ़ेवाल सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।




बैठक में उपस्थित अधिकारी।

